भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 562**
उत्तर देने की तारीख : 03.12.2025

**शैक्षिक एवं छात्रवृति योजनाएं**

**562. श्री राजपालसिंह महेंद्रसिंह जादव:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा वर्ष 2014 से अब तक शुरू की गई शैक्षिक सहायता एवं छात्रवृत्ति योजनाओं का ब्यौरा क्या है और प्रत्येक योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों एवं प्राप्त उपलब्धियों का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) विभिन्न राज्यों द्वारा भेजे गए शैक्षिक सहायता संबंधी प्रस्तावों और उनमें से केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत चार वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आवंटित एवं व्यय की गई धनराशि का योजना-वार एवं राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने लंबित योजनाओं को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>**उत्तर**</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) से (ङ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय अपने विभिन्न कार्यकलापों के माध्यम से भारत में छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में कार्य करता है। वर्ष 2014-15 के दौरान, अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए विदेश में अध्ययन हेतु शैक्षणिक ऋणों पर ब्याज सहायता की "पढ़ो परदेश" योजना का शुभारंभ किया गया। हालांकि, अन्य मंत्रालयों की समान योजनाओं के साथ स्पष्ट समानता (ओवरलैप) तथा कम ब्याज दर पर शिक्षा ऋण उपलब्ध होने की सुगमता को ध्यान में रखते हुए यह योजना वर्ष 2022-23 से बंद कर दी गई है। पिछले 4 वर्षों के दौरान, पढ़ो परदेश योजना के अंतर्गत राज्यवार आवंटित और व्यय की गई निधि का विवरण संलग्न है।

भारत सरकार का उच्चतर शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन [PM-USP] योजना के अंतर्गत तीन घटक योजनाओं अर्थात् कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु केंद्र प्रायोजित छात्रवृत्ति योजना (CSSS), जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए SSS) एवं केंद्र प्रायोजित ब्याज सहायता योजना (CSIS) तथा शिक्षा ऋणों के लिए ऋण गारंटी निधि योजना (CGFSEL) को

लागू कर रहा है। इसके अतिरिक्त, नवंबर 2024 में एक नई केंद्र प्रायोजित योजना “पीएम–विद्यालक्ष्मी” का भी शुभारंभ किया गया है। पिछले 4 वर्षों की प्रगति रिपोर्ट संलग्न है।

*****

"शैक्षिक एवं छात्रवृति योजनाएं" के संबंध में दिनांक 03.12.2025 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 562 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पढ़ो परदेश योजना – वर्ष 2018-19 से वर्ष 2021-22 के दौरान दी गई राज्यवार ब्याज सहायता और जारी की गई निधि

| क्र. सं. | राज्य | वर्ष 2018-19 | | वर्ष 2019-20 | | वर्ष 2020-21 | | वर्ष 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्याज सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (लाख रु. में) | ब्याज सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (लाख रु. में) | ब्याज सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (लाख रु. में) | ब्याज सहायता प्राप्त लाभार्थियों की संख्या | जारी की गई निधि (लाख रु. में) |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 75 | 46.35 | 72 | 58.30 | 91 | 60.06 | 81 | 50.97 |
| 3 | असम | 7 | 5.55 | 5 | 4.15 | 6 | 3.20 | 1 | 0.28 |
| 4 | बिहार | 8 | 6.45 | 12 | 7.86 | 11 | 3.78 | 8 | 2.40 |
| 5 | चंडीगढ़ | 5 | 3.00 | 4 | 3.85 | 3 | 1.38 | 2 | 0.25 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 11 | 9.20 | 6 | 3.23 | 3 | 1.91 | 1 | 1.21 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 8 | दमन और दीव | 1 | 0.18 | 2 | 0.32 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 9 | दिल्ली | 12 | 8.48 | 20 | 8.20 | 19 | 8.23 | 13 | 5.64 |
| 10 | गोवा | 14 | 8.93 | 15 | 14.05 | 13 | 9.76 | 4 | 3.41 |
| 11 | गुजरात | 120 | 80.00 | 129 | 92.99 | 103 | 67.37 | 82 | 45.08 |
| 12 | हरियाणा | 17 | 7.74 | 15 | 7.81 | 14 | 5.04 | 12 | 5.63 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2 | 1.91 | 3 | 0.94 | 1 | 1.05 | 0 | 0.00 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 72 | 21.68 | 80 | 47.10 | 132 | 60.27 | 202 | 65.07 |
| 15 | झारखंड | 3 | 1.11 | 8 | 3.61 | 8 | 2.46 | 6 | 2.29 |
| 16 | कर्नाटक | 211 | 133.41 | 289 | 188.73 | 275 | 195.12 | 229 | 130.33 |
| 17 | केरल | 1138 | 692.63 | 1734 | 1132.28 | 2236 | 1360.29 | 3359 | 1710.84 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 101 | 79.99 | 106 | 74.83 | 82 | 50.39 | 51 | 30.17 |
| 19 | महाराष्ट्र | 297 | 233.30 | 322 | 244.98 | 300 | 225.79 | 265 | 194.36 |
| 20 | मणिपुर | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 21 | मेघालय | 2 | 1.87 | 1 | 0.88 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 22 | मिजोरम | 2 | 0.49 | 1 | 1.00 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 23 | ओडिशा | 5 | 2.28 | 7 | 2.53 | 4 | 4.42 | 5 | 3.20 |
| 24 | पुदुचेरी | 5 | 3.10 | 11 | 8.78 | 12 | 9.60 | 9 | 6.39 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | पंजाब | 81 | 36.11 | 82 | 36.06 | 59 | 22.21 | 74 | 21.11 |
| 26 | राजस्थान | 37 | 26.84 | 32 | 20.28 | 27 | 15.06 | 24 | 12.90 |
| 27 | तमिलनाडु | 147 | 94.54 | 155 | 111.98 | 133 | 79.81 | 108 | 58.70 |
| 28 | तेलंगाना | 79 | 43.01 | 72 | 41.32 | 63 | 40.11 | 53 | 27.97 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 31 | 16.46 | 36 | 15.42 | 30 | 15.00 | 15 | 8.13 |
| 30 | उत्तराखंड | 5 | 2.23 | 4 | 1.86 | 12 | 4.32 | 7 | 4.59 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 7 | 5.53 | 15 | 7.04 | 19 | 8.38 | 11 | 7.95 |
| | **कुल** | **2495** | **1572.37** | **3238** | **2140.36** | **3656** | **2255.01** | **4622** | **2398.88** |

**उच्चतर शिक्षा विभाग, भारत सरकार की PM-USP योजना के अंतर्गत घटक योजनाओं की प्रगति**

| PM-USP CSSS के अंतर्गत छात्रवृत्तियों का संवितरण | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **छात्रवृत्तियों की संख्या (नई + नवीनीकृत)** | **राशि (करोड़ रु. में)** |
| 1 | 2021-22 | 177615 | 192.23 |
| 2 | 2022-23 | 180075 | 229.28 |
| 3 | 2023-24 | 169790 | 217.26 |
| 4 | 2024-25 | 204049 | 259.65 |

| PM-USP, SSSJKL के अंतर्गत शैक्षणिक छात्रवृत्ति और राशि का वितरण | | |
|---|---|---|
| **वित्तीय वर्ष** | **शैक्षणिक छात्रवृत्ति की संख्या (नई + नवीनीकृत)** | **मंत्रालय द्वारा जारी राशि (करोड़ रु. में)** |
| 2021-22 | 13253 | 184.00 |
| 2022-23 | 14389 | 200.00 |
| 2023-24 | 11887 | 200.00 |
| 2024-25 | 11212 | 143.90 |

| PM-USP केंद्र प्रायोजित ब्याज सहायता योजना | | | |
|---|---|---|---|
| **वित्तीय वर्ष** | **दावा वर्ष** | **प्राप्त दावों की संख्या** | **दावा की गई राशि (करोड़ रु. में)** |
| 2021-22 | 2020-21 | 288542 | 557.81 |
| 2022-23 | 2021-22 | 285014 | 483.89 |
| 2023-24 | 2022-23 | 307070 | 531.40 |
| 2024-25 | 2023-24 | 345150 | 689.71 |

| PM-USP शिक्षा ऋणों के लिए ऋण गारंटी निधि योजना (CGFSEL) | | |
|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष | जारी की गई गारंटियों की संख्या | जारी की गई गारंटी की राशि (करोड़ रु. में) |
| 2021-22 | 101785 | 4131.02 |
| 2022-23 | 159087 | 6606.49 |
| 2023-24 | 179983 | 8005.01 |
| 2024-25 | 195293 | 8756.47 |

*****